<u>समाचार</u>

लाकडाउन उल्लंघन पर आज भी हुई कार्यवाही

(विभिन्न जोनों में लाकडाउन उल्लंघन करने वालों पर लगाया गया 3000 रूपये का अर्थदण्ड)

कोरबा 18 अप्रैल 2021 –लाकडाउन के उल्लंघन पर नगर निगम कोरबा द्वारा कड़ी नजर रखते हुए उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। आज निगम के दर्री व कोसबाड़ी जोनांतर्गत लाकडाउन उल्लंघन पर कार्यवाही करते हुए पुलिस प्रशासन के सहयोग से निगम अमले ने 3000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा उन्हें लाकडाउन का पालन करने के लिए कड़ी हिदायत दी।

कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रसार को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती किरण कौशल द्वारा 12 अप्रैल से लाकडाउन प्रभावशील कर दिया गया है तथा लाकडाउन का कड़ाई से पालन किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा के मैदानी अमले द्वारा अपने–अपने जोन में सतर्क नजर रखी जा रही है तथा जहां कही भी लाकडाउन का उल्लंघन करते पाया जा रहा है, वहां पुलिस प्रशासन के सहयोग से निगम अमले द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज विभिन्न जोनों में कार्यवाही करते हुए 3000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्री जोन में 2000 रूपये, कोसाबाड़ी जोनांतर्गत 1000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। कोसाबाड़ी जोन के अंतर्गत मानस नगर में एक व्यक्ति द्वारा दुकान खोलकर गुटका पाउच का विक्रय किया जा रहा था, निगम अमले ने उस पर 1000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा कड़ी हिदायत दी कि यदि दोबारा उसके द्वारा यह कार्य किया जाता है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।